अयोध्या में BHISHM क्यूब

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **भीष्म (भारत हेल्थ इनिशिएटिव फॉर सहयोग, हित एंड मैत्री- BHISHM) क्यूब,** अयोध्या में स्थित एक अत्याधुनिक स्वदेशी मोबाइल अस्पताल है जो **प्रोजेक्ट आरोग्य मैत्री** का हिस्सा है।

- यह उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन के दौरान एक **चिकित्सा आपातकाल** की स्थिति में एक जीवनरक्षक के रूप में उभरकर आया।

मुख्य बिंदु:

- आरोग्य मैत्री परियोजना में भारत **प्राकृतिक आपदाओं या मानवीय संकटों के प्रभाव का सामना करने वाले किसी भी विकासशील देश** को महत्त्वपूर्ण चिकित्सा संसाधनों की आपूर्ति करना शामिल है।
- BHISHM क्यूब को त्वरित प्रतिक्रिया और समग्र देखभाल पर बल देते हुए 200 हताहतों तक के उपचार के लिये तैयार किया गया है।
- यह एड क्यूब (Aid Cube) आपात स्थितियों के दौरान आपदा प्रतिक्रिया और चिकित्सा सहायता वृद्धि करने हेतु **निर्मित कई नवोन्मेषी उपकरणों से युक्त है।**
- यह क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं के प्रभावी समन्वय, वास्तविक समय की निगरानी और कुशल प्रबंधन को सुगम बनाने के लिये **कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence- AI) तथा डेटा एनालिटिक्स को एकीकृत करता है।**
- BHISHM क्यूब की सफलता आपात स्थिति के दौरान **तत्काल** और प्रभावी चिकित्सा सहायता प्रदान करने में **मोबाइल अस्पताल इकाइयों के महत्त्व को** रेखांकित करती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bhishm-cube-in-ayodhya